बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा

अधिन्यास पत्र कक्षा चौथी १३ .०५ .२०२०

विषय :- व्याकरण उपविषय :- संज्ञा-अभ्यास

निर्देश::

- *यह कार्य उत्तरपुस्तिका में करें |*

प्रश्न १) निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कर भेद बताएँ :

क) अमन आज क्रिकेट खेलने गया है |

ख) सुनीता ने सेब खाया |

ग) आज बहुत गर्मी है |

घ) ताजमहल आगरा में है |

ड.) रमेश और सुरेश की आपस में दोस्ती है |

च) मान्या ने गीत गाया |

छ) बगीचे में फूल खिले हैं |

ज) मेरा बचपन खेलकूद में बीता |

झ) दरवाज़े पर बिल्ली खड़ी थी |

प्रश्न 2) निम्नलिखित शब्दों को अलग कर उनके उचित स्थान पर लिखें |

सौरभ ,चौड़ाई , गाय, राष्ट्रपति भवन , सेना ,मिठास ,जानवर ,आगरा, सहायता

व्यक्तिवाचक	जातिवाचक	भाववाचक

प्रश्न ३) सही उत्तर के सामने (✓) का निशान लगाएँ :

अ) इनमें से कौन-सी संज्ञा भाववाचक है ?

* मिठास * नगर
* पुस्तक * खिलौना

ब) इनमें से कौन-सी संज्ञा व्यक्तिवाचक है ?

* खेत * किसान
* नरेंद्र मोदी * पेंसिल